पंजाब केसरी 18/02/2025

# जी.एम.एन. कॉलेज की एन.एस.एस. यूनिट ने उगाड़ा में शुरू किया 7 दिवसीय शिविर

अम्बाला, 17 फरवरी (बलराम): छावनी के जी.एम.एन. कॉलेज की एन.एस.एस. यूनिट द्वारा गांव उगाड़ा में सात दिवसीय एन.एस.एस. शिविर शुरू किया गया।

कॉलेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने बताया कि जनसंपर्क एवं जनजागृति उनकी एन.एस.एस. यूनिट का मुख्य उद्देश्य है और इस साप्ताहिक शिविर के अंतर्गत अनेक प्रेरक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम अधिकारी डा. अनीश ने बताया कि इस साप्ताहिक शिविर में रैलियों, प्रतियोगिताओं एवं व्याख्यानों के माध्यम से गांव के युवाओं को अपने साथ जोड़कर लोगों को नशे, पर्यावरण एवं डिजिटल शिक्षा और ऑनलाइन होने वाले फ्रॉड के बारे में जागरूक किया जाएगा। डा. सरोज बाला ने बताया कि उनके स्वयंसेवक गली-गली जाकर लोगों को जागरूक करेंगे।

इस तरह के शिविर हमारे आपसी प्रेम और समरसता के लिए अति महत्वपूर्ण हैं और विद्यार्थियों के व्यक्तित्व को निखारने का एक महत्वपूर्ण आधार है। गांव के सरपंच ने विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए सभी का स्वागत किया तथा आश्सासन दिया कि गांव का प्रत्येक सदस्य उनका सहयोग करेगा।



गांव उगाड़ा में 7 दिवसीय एन.एस.एस. शिविर के पहले दिन जी.एम.एन. कॉलेज की एन.एस.एस. यूनिट के स्वयंसेवक।